# फिनोलेक्स व मुकुल माधव फाउंडेशन द्वारा ससून हॉस्पिटल को 2 करोड़ के चिकित्सा उपकरण प्रदान

**पुणे, 8 अप्रैल (आ.प्र.)**

'फिनोलेक्स इंडस्ट्रीज' एवं उनके सीएसआर पार्टनर 'मुकुल माधव फाउंडेशन' द्वारा ससून हॉस्पिटल को दो करोड़ रुपए मूल्य के अत्याधुनिक चिकित्सा के उपकरण दिए गए. इन चिकित्सा उपकरणों का 16 अप्रैल को नियोनेटल इंटेन्सिव केयर यूनिट (एनआईसीयू) के दूसरे तथा एंडोस्कोपी यूनिट के पहले स्थापना दिवस पर औपचारिक रूप से उद्घाटन किया जाएगा. ये अत्याधुनिक उपकरण एंडोस्कोपी यूनिट एवं एनआईसीयू विभाग में लगाए जा रहे हैं. अप्रैल 2017 में 59 बेड्स वाली एनआईसीयू तथा मार्च 2018 में एंडोस्कोपी यूनिट शुरू की गई थी. 'मुकुल माधव फाउंडेशन' की मैनेजिंग ट्रस्टी रितु प्रकाश छाब्रिया ने कहा, 'हम सिर्फ पैसे देकर जिम्मेदारी से मुक्त होने जैसे कार्य नहीं करते, हम समाज को अच्छी चिकित्सा सुविधा वाजिब दर पर उपलब्ध कराने का प्रयास करते हैं तथा अपने पास उपलब्ध सिस्टम के माध्यम से समाज की आवश्यकताएं पूर्ण करते हैं.